# जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ की अध्यक्षता में दिनांक 13.05.2025 को आयोजित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः—

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 13.05.2025 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः—

1. मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़।
2. जिला विकास अधिकारी, हापुड़।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, हापुड़।
5. खण्ड विकास अधिकारी, हापुड़/धौलाना/सिम्भावली/गढ़मुक्तेश्वर।
6. सहायक अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़।
7. श्री राजेन्द्र भारद्वाज, स्टेट हैड, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, गुजरात।
8. श्री आदिल जैदी, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, गुजरात।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़ द्वारा प्रस्तुत किये गये एजेण्डा नोट का बिन्दुवार विवरण निम्नवत् हैः—

<u>एजेण्डा बिन्दु संख्या —01</u> <u>भूमि की उपलब्धताः—</u> अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु उपलब्ध कराई गई भूमि पर विभिन्न कारणों से कार्य बाधित है, जिनका विवरण निम्नवत् हैः—

| क्र0 | तहसील | योजना का नाम | भूमि उपलब्ध न होने का कारण | कार्यवाही | फर्म के प्रतिनिधि का नाम एवं मो0 नं0 | जूनियर इंजीनियर का नाम एवं मो0नं0 | सहायक अभियन्ता का नाम एवं मो0नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़मुक्तेश्वर | काजमाबाद उर्फ जमालपुर | ग्राम में वांछित क्षेत्रफल की LMC उपलब्ध नहीं है। | ग्रामवासियों से भूमि दान में प्राप्त किये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। | श्री आदिल जैदी, 8860964808 | श्री अनुज सांगवान, जूनियर इंजीनियर मो0 9719639770 | श्री पिन्टू मौर्य, सहायक अभियन्ता मो0नं0 8954500250 |
| 2 | गढ़मुक्तेश्वर | रतुपुरा | ग्राम में वांछित क्षेत्रफल की LMC उपलब्ध नहीं है। | ग्रामवासियों से भूमि दान में प्राप्त किये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। | श्री आदिल जैदी, 8860964808 | | |

उपरोक्त दोनों ग्रामों काजमाबाद उर्फ जमालपुर एवं रतुपुरा में किसानों द्वारा भूमि दान में दिये जाने हेतु सहमति व्यक्त की गई है। किसानों से निरन्तर समन्वय स्थापित कर, भूमि प्राप्त करने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि उपजिलाधिकारी, गढ़मुक्तेश्वर एवं हापुड़ से व्यक्तिगत सम्पर्क कर भूमि प्राप्त करने हेतु अग्रिम कार्यवाही करायें एवं आगामी बैठक में अद्यतन स्थिति से अवगत करायेंगे।

(कार्यवाही— उपजिलाधिकारी गढ़/हापुड़/अधि0 अभि0, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा—टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)

Scanned with OKEN Scanner

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –02 :– पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण की प्रगतिः–**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ की पूर्व निर्मित 70 नग पेयजल योजनाओं में से 06 नग पेयजल योजनांए पूर्ण क्षमता पर संचालित (Fully Saturated), 51 नग पेयजल योजनांए आंशिक क्षमता पर संचालित (Partially Saturated) एवं 13 नग पेयजल योजनांए बन्द (Non Functional) हैं। उक्त 70 नग पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 अहमदाबाद, गुजरात को नामित किया गया है। मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 अहमदाबाद, गुजरात द्वारा पूर्ण क्षमता पर संचालित 06 नग पेयजल योजनाओं पर पम्प ऑपरेटर की तैनाती कर दी गई है, जिनके द्वारा नियमित रूप से पेयजलापूर्ति की जा रही है।

शेष पेयजल योजनाओं पर सर्वे का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु डी0पी0आर0 तैयार करने की कार्यवाही प्रगति पर है। डी0पी0आर0 तैयार कर स्वीकृति हेतु मुख्यालय प्रेषित कर दी जायेगी।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 अहमदाबाद, गुजरात को निर्देश दिये गये कि उक्त पेयजल योजनाओं के सर्वे का कार्य पूर्ण कर एवं डी0पी0आर0 तैयार कराकर, स्वीकृति हेतु लखनऊ मुख्यालय प्रेषित की जायें। साथ ही पेयजल योजनाओं को तत्काल टेक ओवर कर, नियमित रूप से जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधि0 अभि0, जल निगम / मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)

**एजेण्डा बिन्दु संख्या –03 :– नयी पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्यों की प्रगति :–**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–।। के अन्तर्गत जनपद हापुड़ की 202 नग ग्राम पंचायतों हेतु 200 डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा स्वीकृत की जा चुकी हैं। वर्तमान में 200 नग स्वीकृत पेयजल योजनाओं में से 197 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जा चुके हैं। सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि 88 नग पेयजल योजनांए पूर्ण की जा चुकी हैं, जिनमें से 45 नग पेयजल योजनाओं के 100 प्रतिशत कार्य एवं 43 नग पेयजल योजनाओं के 95 प्रतिशत से 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। उक्त 88 नग पेयजल योजनाओं में सुचारू रूप से निरन्तर पेयजलापूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा **समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये** कि अपने–अपने विकासखण्ड से सम्बन्धित पेयजल योजनाओं के रोड पुनर्स्थापन का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी ग्राम में रोड पुनर्स्थापन का कार्य शेष है, तो उन ग्रामों का विवरण मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही रोड पुनर्स्थापन हेतु शेष ग्रामों की सूची अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़ एवं मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद, गुजरात को उपलब्ध कराते हुए, तत्काल रोड पुनर्स्थापन का कार्य पूर्ण करायें।

(कार्यवाही– समस्त खण्ड विकास अधिकारी / अधिशासी अभियन्ता, जल निगम / मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)

Scanned with OKEN Scanner

डा बिन्दु संख्या –04 :– निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं क… –

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वा… त कराया गया कि कुछ ग्रामों में पेयजल योजना के निर्माण कार्यों में बाधायें उत्पन्न हो रही हैं, विवरण … है:–

1. **हसनपुर लोधा** :– ग्राम में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निर्माण कार्यों का विरोध/बाधा उत्पन्न की जा रही है।
2. **सहसपुर खागौई**:–ग्राम में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निर्माण कार्यों का विरोध/बाधा उत्पन्न की जा रही है।
3. **चितौली** :– ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों द्वारा ग्राम में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु सड़क तोड़ने का विरोध किया जा रहा है, जिस कारण निर्माण कार्य बाधित हो रहे हैं।
4. **सिकन्दपुर काकोड़ी** :– ग्राम में पेयजल योजना के निर्माण कार्य हेतु उपलब्ध कराई गई भूमि पर, सिंचाई विभाग द्वारा मा0 न्यायालय में याचिका दायर की गई है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि उक्त ग्रामों के ग्राम प्रधान को कार्यालय में बुलाकर, जिला विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर वार्ता कराई जाये। साथ ही अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा ग्राम प्रधानों से व्यक्तिगत समन्वय स्थापित करते हुए, उक्त ग्रामों में तत्काल निर्माण कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, अहमदाबाद)**

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन''
समिति हापुड़

मुख्य विकास अधिकारी/ उपाध्यक्ष
''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन''
समिति हापुड़

जिलाधिकारी /अध्यक्ष
''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन''
समिति हापुड़

पत्रांक :– / / दिनांक

<u>प्रतिलिपि:–</u>

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कम्पाउण्ड, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।,
5. मुख्य अभियन्ता (मेरठ), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
7. मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़।
8. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), हापुड़।
9. जिला विकास अधिकारी, हापुड़।
10. उपजिलाधिकारी, हापुड़/धौलाना/गढ़मुक्तेश्वर।
11. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हापुड़।
12. खण्ड विकास अधिकारी, हापुड़/धौलाना/सिम्भावली/गढ़मुक्तेश्वर।
13. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हापुड़।

जिलाधिकारी /अध्यक्ष
''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन''
समिति हापुड़

Scanned with OKEN Scanner